दिनांक : 21.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज शाम पांच बजे राष्ट्र को संबोधित करने का कार्यक्रम हैं
देशभर में जीएसटी 2.0 की नई दरें कल से लागू होंगीं 3 सितम्बर को हुई जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में टैक्स कटौती की घोषणा की गई थीं अब टैक्स दरों के 5 और 18 प्रतिशत वाले दो स्लैब ही प्रभावी रहेंगें कर दरें घटने से आम आदमी को काफी राहत मिलेगीं

.............................................................

प्रदेशभर में सेवा पखवाड़े के तहत आज विभिन्न स्थानों पर **नमो युवा रन** आयोजित की गईं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में उम्मेद सिंह स्टेडियम से रन को रवाना कियां वहीं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाईं जोधपुर में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गौशाला मैदान से इस मैराथन को रवाना कियां
नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित हो रही इस दौड़ को जयपुर में अमर जवान ज्योति से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाईं इसके बाद मुख्यमंत्री सीकर पहुंचें उन्होंने नशा मुक्ति कार्यक्रम में शिरकत कर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाईं झुंझुनूं में हुई मैराथन में जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कियां

.............................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी जीवनी पर आधारित फिल्म "चलो जीते हैं" प्रदेश के सिनेमाघरों और विद्यालयों में दिखाई जा रही हैं विभिन्न जिलों में दिखाई जा रही इस फिल्म की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं भीलवाड़ा में फिल्म देखने के बाद युवा दर्शक शशांक ने इसे प्रेरणादायी बतायां

.............................................................

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज दोपहर जोधपुर पहुंचेंगें श्री शाह पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास करेंगें इसमें नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सहित कई सुविधाओं का निर्माण किया जाएगां यह कार्यक्रम जोधपुर के रामराज नगर चौखा में आयोजित किया जा रहा हैं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत सहित राज्य के कई मंत्री मौजूद रहेंगें गृहमंत्री की यात्रा के मद्देनजर जोधपुर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं

.............................................................

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स जोधपुर को शोध के क्षेत्र में सम्मानित किया गया हैं नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संस्थान को क्लेरिवेट इंडिया रिसर्च एक्सीलेंस प्रदान किया गयां एम्स जोधपुर को ये सम्मान 15 वर्ष से कम आयु के संस्थानों की श्रेणी में देशभर के तकनीकी, चिकित्सा, वैज्ञानिक और शोध संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गयां

.............................................................

आज विश्व अल्ज़ाइमर दिवस हैं अल्ज़ाइमर को भूलने वाली बीमारी के नाम से जाना जाता हैं इसमें रोगी की याददाश्त और सोचने–समझने की क्षमता कमज़ोर हो जाती हैं इस दिन को अल्ज़ाइमर रोग के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए वैश्विक प्रयास के रूप में मनाया जाता हैं इस साल की थीम ''अल्ज़ामइर के बारे में पूछें, डिमेंशिया के बारे में पूछें'' रखी गई हैं

.............................................................

दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्री मोहनलाल को इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी हैं छोटी उम्र में ही अपना फ़िल्मी सफ़र शुरू करने वाले मोहनलाल ने मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सहित हिंदी फ़िल्मों में काम किया हैं उन्होंने एक फिल्म निर्माता और निर्देशक के रूप में भी अपनी खास पहचान बनाई हैं

..............................................................

शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं आज सर्व पितृ अमावस्या के साथ ही श्राद्ध पक्ष का समापन हो जाएगां नवरात्रि पर्व में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की उपासना की जाएगीं इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगें देवी मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा हैं नवरात्रि पर मेलों का भी आयोजन होगां

आज साल का आखिरी सूर्य ग्रहण हैं यह ग्रहण भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगां ग्रहण ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर और अन्य क्षेत्रों में दिखेगां ये भारत में नहीं दिखाई देगां

..............................................................